पंजाब केसरी 16/03/2024

जे.सी.आई. ने लगाया रक्तदान शिविर, 80 यूनिट रक्त एकत्र

जे.सी.आई. अम्बाला द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में उपस्थित क्लब पदाधिकारी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 15 मार्च (पंकेस): जे.सी.आई. अम्बाला द्वारा वार्षिक प्रोजैक्ट परमार्थ सेवा परमो धर्मः के तीसरे प्रोजैक्ट का आयोजन किया गया। इस प्रोजैक्ट के अंतर्गत मार्च महीने में जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला छावनी में रक्तदान शिविर लगाया गया।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि जे.सी.आई. अम्बाला के पूर्व प्रधान विकास चोना एवं गैस्ट ऑफ ऑनर डॉ. रोहित दत्त प्रिंसीपल जी.एम.एन. कॉलेज रहे। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए ज्यादा से ज्यादा जागरूक करना रहा। रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों के साथ-साथ कॉलेज विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में 80 यूनिट रक्तदान किया गया।

अम्बाला में इस बार जे.सी.आई. अम्बाला पूरे वर्ष जन समुदाय के लिए कार्य करेगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके। इस मौके पर जे.सी.आई. अम्बाला के प्रधान रोहित जैन, सचिव विभु अरोड़ा, आई.पी.पी. लक्षित अग्रवाल, पूर्व प्रधान कुनाल गुप्ता, तुषार मित्तल, अंशुम जिंदल, बृहद मित्तल, शशांक अग्रवाल व अन्य मौजूद रहे।